# मैया रानी के भवन में

मैया रानी के भवन में हम दीवाने हो गए,
हम दीवाने हो गए माँ हम दीवाने हो गए,
मैया रानी के भवन में हम दीवाने हो गए॥

एक तो माँ के पैर सुंदर दूसरी पायल सजी,
तीसरा महावर लगा है हम दीवाने हो गए,
मैया रानी के भवन में हम दीवाने हो गए॥

एक तो माँ का रूप सुंदर दूसरा साड़ी सजी,
तीसरी गोटा लगा है हम दीवाने हो गए,
मैया रानी के भवन में हम दीवाने हो गए॥

एक तो माँ के हाथ सुंदर दूसरा चूड़ी सजी,
तीसरा मेहँदी लगी है हम दीवाने हो गए,
मैया रानी के भवन में हम दीवाने हो गए॥

एक तो माँ का गला है सुंदर दूसरा माला सजी,
तीसरा माँ का मुस्कुराना हम दीवाने हो गए,
मैया रानी के भवन में हम दीवाने हो गए॥

एक तो माँ के कान सुंदर दूसरा झुमके सजे,
तीसरा नथनी सजी है हम दीवाने हो गए,
मैया रानी के भवन में हम दीवाने हो गए॥

एक तो माँ का माथा सुंदर दूसरा बिंदिया लगी,
माँग में सिन्दूर लगा है हम दीवाने हो गए,
मैया रानी के भवन में हम दीवाने हो गए॥

एक तो माँ का भोग सुंदर दूसरा पूरी सजी,
तीसरा नारियल सजा है हम दीवाने हो गए,
मैया रानी के भवन में हम दीवाने हो गए,
हम दीवाने हो गए माँ हम दीवाने हो गए,
मैया रानी के भवन में हम दीवाने हो गए॥


https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24649/title/mayia-rani-ke-bhawan-me

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |